SSO ID से STUDENTS / CITIZENS द्वारा पीजी में प्रवेश हेतु ऑनलाइन प्रवेश फॉर्म भरने के steps-

1. dce.rajasthan.gov.in URL को address bar में लिखे या google search में dce rajasthan को सर्च करे |

2. ऐसा करने पर निम्न वेबसाइट खुलेगी जिसके दांये ऊपरी कार्नर पर पीले रंग का एडमिशन बटन नजर आयेगा ।





PG में प्रवेश हेतु यहाँ क्लिक करें ।

3. उपरोक्त पेज पर Admission 2017-18 Tab पर क्लिक करे । इसके बाद Drop Down window में खुल रहे Post Graduate Admission (Department of College Education) पर क्लिक करें ।

4. ये क्लिक आपको sso.rajasthan.gov.in वेबसाइट पर डायरेक्ट करेगा, जो की अगले पेज में दिखाई गयी है -



5. आवेदक स्वयं को रजिस्टर करने हेतु ऊपर नजर आ रहे लाल रंग के रजिस्टर बटन पर क्लिक करे |
6. रजिस्ट्रेशन हेतु निम्न चार में से एक ID होना जरुरी है



ऊपर दिखाये गए google से अभिप्राय आपकी gmail id से है |

7. उपरोक्त चार IDs में से जो भी एक आपके पास है उस पर क्लिक करे तथा वांछित सूचना भर कर next पर क्लिक करे |

8. अब आप निम्न पेज पर डायरेक्ट हो जायेगे जिस पर OTP के बटन को सेलेक्ट करे तथा चेक बॉक्स को सेलेक्ट कर continue का बटन क्लिक करे |



9. Continue क्लिक करने पर एक विंडो नजर आएगी जिसमे मोबाइल पर आये OTP को दर्ज करे |



10. इसके बाद खुलने वाली sso विंडो पर दिए गए निर्देशानुसार अपना id एवं password क्रिएट कर रजिस्टर करे |



11. रजिस्टर होने के बाद स्क्रीन पर एक अलर्ट प्राप्त होगा जो आपके रजिस्ट्रेशन डिटेल्स के बारे में सूचना देगा |



12. अब नीचे दिए गए पेज पर Username, पासवर्ड और captcha कोड दर्ज कर लॉग इन करे |



13. लॉग इन होने पर updation हेतु वाँछित सूचना भर कर अपडेट के बटन को क्लिक करे |



14. प्रोफाइल अपडेट होते ही updation का अलर्ट प्राप्त होगा |



15. updation उपरांत rajasthan single sign on पेज दिखाई देगा जिस पर विभिन्न आइकॉन नजर आयेंगे इनमे से DCEAPP आइकॉन को क्लिक करे |



16. ये आइकॉन आपको एडमिशन पेज पर डायरेक्ट कर देगा | सम्पूर्ण राजकीय महाविद्यालयों की सूची एवं उनमें संचालित स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों की सूची प्राप्त होगी ।



17. इस सूची में से ऊपर दिए गए ड्राप-डाउन की सहायता से इच्छित कोर्स का चयन करें । यह कोर्स जिन महाविद्यालयों में संचालित है उन महाविद्यालयों की लिस्ट नीचे खुल जायेगी । लिस्ट को छोटा करने के लिए आप जिले अनुसार फ़िल्टर भी कर सकते हैं ।

18. महाविद्यालय के नाम पर क्लिक करने पर चयनित महाविद्यालय का इच्छित कोर्स का आवेदन फॉर्म खुल जाएगा । आवेदन करते समय फॉर्म के ऊपर बायीं ओर आपके द्वारा चयनित महाविद्यालय का नाम देख कर यह सुनिश्चित कर लें कि यह आवेदन आपके द्वारा चाहे गए महाविद्यालय का ही है ।

(नोट: उदयपुर जिले की महिला अभ्यर्थी मीरा कन्या महाविद्यालय, उदयपुर में आवेदन करते समय इसे जांच लें)



19. LAST QUALIFYING EXAM DETAILS " वाले कॉलम में आवेदक को अर्हकारी (स्नातक) परीक्षा , जिसके आधार पर प्रवेश हेतु आवेदन कर रहे हैं, का विवरण देना होगा । इसमें **Faculty** (Arts/ commerce/science/other), **Course Name**(B.A./B.Sc./B.Com. /other), **Course Type** (Pass/ Honours), **Scheme of Exams**, **Study from State** , **Name of the University**, **Passing Year** एवं जिन विषयों में आपने अर्हकारी (स्नातक) परीक्षा उत्तीर्ण की है "**Subject Opted**" में उसकी जानकारी देनी होगी । की जानकारी देनी होगी । Passing Year 2016 से पूर्व का होने पर अंतराल(Gap) सम्बन्धी विवरण के लिए उपलब्ध बॉक्स में संक्षिप्त विवरण भरें। यदि आपने पूर्व मे भी स्नातकोत्तर परीक्षा नियमित विद्यार्थी के रूप में उत्तीर्ण की है तो उसका विवरण अवश्य देवें एवं सम्बंधित अंतराल शपथ पत्र मेरिट लिस्ट में नाम आने पर महाविद्यालय में जमा करावें ।



20. आवेदित स्नातकोत्तर विषय यदि स्नातक स्तर पर नहीं रहा है तो "No" विकल्प का चयन करने पर विषय के अंक भरने का विकल्प प्राप्त नहीं होगा ।

21. यदि आप स्नातक विषय में रहे विषय वाले स्नातकोत्तर विषय के लिए आवेदन कर रहे हैं तो यहाँ उपलब्ध विकल्प में "YES" के विकल्प का चयन करें एवं स्नातक परीक्षा के उस विषय में प्राप्त तीनों वर्षों के अंकों का विवरण भरें नोट:

    A. 6 सेमिस्टर प्रणाली से उत्तीर्ण अभ्यर्थी पार्ट । के लिए उपलब्ध बॉक्स में प्रथम व द्वितीय सेमिस्टर के उस विषय के अंकों का योग, पार्ट II के लिए उपलब्ध बॉक्स में तृतीय व चतुर्थ सेमिस्टर के उस विषय के अंकों का योग, पार्ट III के लिए उपलब्ध बॉक्स में पांचवें व छटे सेमिस्टर के उस विषय के अंकों का योग भरें ।

    B. चार वर्षीय स्नातक कोर्स उत्तीर्ण अभ्यर्थी पार्ट III के लिए उपलब्ध बॉक्स में तीसरे व चौथे वर्ष के उस विषय के अंकों का योग भरें ।



22. दसवीं कक्षा की अंकतालिका के आधार पर आवेदन पत्र में चाही गयी व्यक्तिगत जानकारियां भरें । आधार संख्या अथवा आधार एनरोलमेंट संख्या भरी जानी आवश्यक है ।



23. "ADDRESS DETAILS" के तहत राजस्थान के मूल निवासी होने पर "YES" क्लिक करें तथा अन्य आवेदक "NO" पर क्लिक करें । इसके उपरांत अपना वर्तमान पता तथा स्थायी पता भरें । यदि दोनों ADDRESS समान हो तो वर्तमान पता भरने के बाद "COPY" पर क्लिक करें । जिससे स्थायी पता स्वतः ही भर जायेगा ।



24. "CLAIM FOR BONUS MARK" यदि आवेदक बोनस अंक हेतु आवेदन करता है तो yes पर क्लिक करना होगा ऐसे आवेदक प्रवेश नीति के बिंदु 6.7.1 से 6.7.10 के सम्बंधित नियमों का अध्ययन अवश्य कर ले । Bonus Type में ड्राप-डाउन में जिस प्रकार के बोनस हेतु दावा करना चाहते हैं उसका चयन करें ।



25. "Educational Background" दसवीं एवं बारहवीं/समकक्ष कक्षा का विवरण भरें ।

26. इसी स्थान पर आवेदक को वह राजकीय महाविद्यालय एवं कोर्स जिसमें वह प्रवेश लेना चाहता है, भरा हुआ प्राप्त होगा, जिसके लिए उसने आवेदन किया है । आवेदक को इस कॉलम में भरी हुई सूचनाएं ध्यानपूर्वक पढ़ लेनी चाहिए।

27. "Other details" कॉलम के अंतर्गत माता- पिता / संरक्षक से सम्बन्धित जानकारियां, आवेदक द्वारा चयनित की जाने वाली गतिविधियां भरी जानी हैं।



28. इसमें बैंक खाते से संबंधित समस्त जानकारियां भरी जानी है ।

29. "Attachments" के तहत आवेदक को फोटो,हस्ताक्षर, बोनस व आरक्षित श्रेणी का लाभ लेने हेतु प्रमाण पत्र (यदि लागू हो) अपलोड करने होंगे । इसके अतिरिक्त जहाँ आवश्यक हो अर्हकारी परीक्षा की अंतिम वर्ष की अंकतालिका/ अर्हकारी परीक्षा की तीनों वर्षों की अंकतालिकाएं (स्नातक में आवेदित विषय होने पर) अपलोड करनी होंगी ।

A.**6 सेमिस्टर प्रणाली से उत्तीर्ण अभ्यर्थी** (स्नातक में आवेदित विषय होने पर) निम्नानुसार अपलोड करना है :

पार्ट I के लिए उपलब्ध विकल्प में प्रथम व द्वितीय सेमिस्टर की अंकतालिकाओं की एक फाइल बना कर,
पार्ट II के लिए उपलब्ध विकल्प में तृतीय व चतुर्थ सेमिस्टर की अंकतालिकाओं की एक फाइल बना कर,
पार्ट III के लिए उपलब्ध विकल्प में पांचवें व छटे सेमिस्टर की अंकतालिकाओं की एक फाइल बना कर B. **चार वर्षीय स्नातक कोर्स उत्तीर्ण अभ्यर्थी** (स्नातक में आवेदित विषय होने पर) पार्ट III के लिए उपलब्ध बॉक्स में तीसरे व चौथे वर्ष की अंकतालिकाओं की एक फाइल बना कर अपलोड करें ।

ध्यान रहे कि दस्तावेज सिर्फ jpg / jpeg फार्मेट में निर्धारित आकार (kb) में ही अपलोड किये जा सकेंगे ।

अंत में सभी प्रविष्टीयाँ भरने के पश्चात submit को क्लिक कर दे ।



<u>नोट :-</u>

- ऑनलाइन आवदेन प्रपत्र में लाल तारांकित बिंदुओं को अनिवार्य रूप से भरना होगा | इसके बिना आवदेन SUBMIT नहीं होगा| यदि त्रुटिवश कोई आवश्यक सूचना भरनी रह गई है तो submit करने पर इनकी सूची आपको आवदेन फॉर्म के प्रारंभ में लाल स्याही में दिखाई देगी| आप इन्हें आवेदन फॉर्म में भरकर आवदेन submit करें|
- गलत सूचना भरने तथा गलत दस्तावेज अपलोड करने पर आवेदक का फॉर्म निरस्त कर नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी ।
- **अभ्यर्थी फॉर्म submit नहीं होने पर कोर्स के लिए निर्धारित पात्रता शर्तों के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त करने के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि से पूर्व ही महाविद्यालय से जानकारी कर लें ।**